भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 4118

उत्तर देने की तारीख 12 दिसम्बर, 2019
21 अग्रहायण, 1941 (शक)

नए खेल प्रशिक्षण संस्थानों/प्रशिक्षण केन्द्रों की स्थापना

4118. श्री महेंद्र सिंह सोलंकीः
श्री सी॰पी॰ जोशीः

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार के पास भारतीय खेल प्राधिकरण के नए खेल प्रशिक्षण संस्थान और प्रशिक्षण केन्द्र खोलने का कोई प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) मध्य प्रदेश के देवास क्षेत्र में खेलों को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा की गई पहलों का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार के पास एथलीटों और खिलाड़ियों द्वारा वर्तमान केन्द्रों के उपयोग करने के संबंध में कोई जानकारी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो क्या सरकार उक्त केन्द्रों की जानकारी और डाटा एकत्रित करने के लिए कोई योजना तैयार कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री किरेन रीजीजू)

(क) और (ख): भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) और लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान (एलएनआईपीई) में उपलब्ध खेल अवसंरचना सुविधाएं विशिष्ट खिलाड़ियों के उच्च प्रदर्शन संबंधी प्रशिक्षण सहित अधिक संख्या में खिलाड़ियों की प्रशिक्षण आवश्यकताओं को पूरा करने में पर्याप्त रूप से सक्षम हैं और इसलिए वर्तमान में किसी नए प्रशिक्षण संस्थान/ प्रशिक्षण केंद्र को शुरू करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

(ग) और (घ): 'खेल' राज्य का विषय होने के कारण, खेलों के संवर्धन और विकास का उत्तरदायित्व राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र सरकारों का है, इसलिए खेलों के संवर्धन का मुख्य उत्तरदायित्व राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र सरकारों का है,केंद्रीय सरकार खेल अवसंरचना की कमियों को दूर करने के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने के अतिरिक्त प्रतिभावान खिलाड़ियों की

पहचान करने, खिलाड़ियों को प्रशिक्षण प्रदान करने और प्रतिस्पधाओं में उनकी प्रतिभागिता के लिए सहायता उपलब्ध कराकर राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के प्रयासों की पूर्ति करती है। केंद्र सरकार द्वारा संचालित प्रशिक्षण सुविधाएं देशभर के सभी प्रतिभावान युवाओं के लिए उपलब्ध हैं । इस मंत्रालय द्वारा मध्य प्रदेश राज्य में संचालित प्रशिक्षण सुविधाओं जिनका लाभ देवास क्षेत्र के युवाओं द्वारा उठाया जा सकता है, की संख्या अनुबंध में दी गई है।

(ड.) युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय ने राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के खेल और युवा कार्यक्रम मंत्रियों और प्रधान सचिवों के साथ आयोजित हालिया बैठक में यह अनुरोध किया है कि राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों के जिला और ब्लॉक मुख्यालयों में उपलब्ध खेल अवसंरचना की सूचना साई के ऑनलाइन पोर्टल पर उपलब्ध कराएं ताकि इनका विश्लेषण किया जा सके और सहायता प्रदान की जा सके तथा खेलो इंडिया स्कीम के माध्यम से मौजूदा खेल अवसंरचना की महत्वपूर्ण कमियों को दूर किया जा सके।

****

अनुबंध

नए खेल प्रशिक्षण संस्थानों/प्रशिक्षण केन्द्रों की स्थापना के संबंध में श्री महेंद्र सिंह सोलंकी और श्री सी.पी. जोशी, माननीय संसद सदस्यों द्वारा दिनांक 12.12.2019 के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 4118 के भाग (ग) और (घ) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

2019-2020 के दौरान मध्य प्रदेश राज्य में साई खेल संवर्धन स्कीमों का ब्यौरा

राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र (एनसीओई)

क्. सं.	**केंद्र का नाम**	**खेल विधा**	**आवासीय**			**गैर- आवासीय**		
			बालक	**बालिका**	**कुल**	**बालक**	**बालिका**	**कुल**
1.	भोपाल, मध्य प्रदेश	एथलेटिक्स	26	13	39	0	0	0
		मुक्केबाजी	7	5	12	0	0	0
		हॉकी	21	20	41	0	0	0
		जूडो	28	19	47	0	0	0
		वुशु	15	12	27	2	0	2
		कुल:	**97**	**69**	**166**	**2**	**0**	**2**

साई प्रशिक्षण केंद्र (एसटीसी) स्कीम

1	जबलपुर	बास्केटबॉल	19	0	19	2	14	16
		मुक्केबाजी	7	0	7	2	0	2
		जूडो	2	0	2	2	4	6
		कराटे	11	0	11	3	3	6
		वालीबॉल	0	0	0	0	7	7
		कुश्ती	2	0	2	0	0	0
		कुल:	**41**	**0**	**41**	**9**	**28**	**37**
2	टीकमगढ़	हॉकी	5	0	5	0	0	0
		सॉफ्टबॉल	7	0	7	6	6	12
		कुल:	**12**	**0**	**12**	**6**	**6**	**12**
3	धार	तीरंदाजी	6	0	6	0	0	0
		एथलेटिक्स	10	0	10	0	0	0
		बैडमिंटन	11	0	11	1	1	2
		फुटबॉल	25	0	25	0	0	0
		कराटे	5	0	5	3	6	9
		ताइक्वांडो	10	0	10	2	0	2

		कुल:	**67**	**0**	**67**	**6**	**7**	**13**
		सकल योग:	**120**	**0**	**120**	**21**	**41**	**62**

राष्ट्रीय खेल प्रतिभा प्रतियोगिता (एनएसटीसी) स्कीम

1	महारानी लक्ष्मीबाई बहु उद्देशीय एचएस, जबलपुर	खो- खो	0	0	**0**	0	2	2
		कुल:	**0**	**0**	**0**	**0**	**2**	**2**

सेना बाल खेल कंपनी स्कीम (एबीएससी)

1	1 सिग्नल प्रशिक्षण केंद्र, जबलपुर	एथलेटिक्स	59	0	59	0	0	0
		मुक्केबाजी	31	0	31	0	0	0
		भारोत्तोलन	13	0	13	0	0	0
		कुल:	**103**	**0**	**103**	0	0	0
2	ग्रेनेडियर्स क्षेत्रीय केंद्र, जबलपुर	साइक्लिंग	3	0	3	0	0	0
		कुश्ती	27	0	27	0	0	0
		कुल:	**30**	**0**	**30**	0	0	0
		सकल योग:	**133**	**0**	**133**	0	0	0

एसटीसी/ एसएजी के उत्कृष्टता केंद्र

1	विस्तार केंद्र खंडवा	ताइक्वांडो	0	0	0	6	4	10
		कुश्ती	0	0	0	6	6	12
		कुल:	**0**	**0**	**0**	**12**	**10**	**22**
2	गवर्नमेंट बॉयस बहुउद्देशीय हायर सेकेंडरी स्कूल, मल्हार आश्रम, इंदौर	जिम्नास्टिक्स	0	0	0	03	4	7
		खो -खो	0	0	0	3	4	7
		कुश्ती	0	0	0	9	1	10
		कुल:	**0**	**0**	**0**	**15**	**9**	**24**
		सकल योग:	**0**	**0**	**0**	**27**	**19**	**46**

अपनाए गए अखाड़े

1	श्री अच्युतानंद गुरु व्यायामशाला, उज्जैन	कुश्ती	0	0	0	18	0	18
2	श्री बिंदा गुरु अखाड़ा, इन	कुश्ती	0	0	0	6	0	6
3	देशवाली समाज अखाड़ा, उज्जैन	कुश्ती	0	0	0	10	0	10
		कुल:	0	0	0	**34**	**0**	**34**

****